कस्तूरबागांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित

# कस्तूरबाग्राम रूरल इंस्टीट्यूट

कस्तूरबाग्राम, इंदौर (म. प्र.)

स्थापना वर्ष 1963

स्वशासी कन्या महाविद्यालय, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर से संबद्ध

kri.extension@gmail.com : http://www.kgri.org : 0731-2874065

क्रमांक: क.रू.इ. /2025-26/ दिनांक:

## Meeting of Internal Quality Assurance Cell in the college on 20/12/2025, Saturday

| | | | | Signature |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | **Head of the Institution** | | |
| | 1 | Dr. Indubala Malviya, Acting Principal | Chairperson | for Kyadav 19/12/25 |
| 2 | | **Teacher Members** | | |
| | 2 | Dr. Shailbala Gandhi | Member | [signature] |
| | 3 | Dr. Poonam Kaushik | Member | Poonam 19/12/24 |
| | 4 | Dr. Gayatri Patel | Member | [signature] 19/12/25 |
| | 5 | Dr. Meena Prajapat | Member | Meena 19/12/25 |
| 3 | | **Member from the Management** | | |
| | 6 | Dr. Radheshyam Tailor | Member | [signature] |
| 4 | | **Senior Administrative Officers** | | |
| | 7 | Mr. Madhu Singh Solanki | Member | [signature] |
| | 8 | Mrs. Basanti Sulya | Member | ABSENT |
| 5 | | **Nominees from the Local Society/Alumni/Students** | | |
| | 9 | Dr. Mangal Mishra, Principal, SCMKV (KVM) College, Indore | Member Local Society | ABSENT |
| | 10 | Smt. Shaila Ajbe, Alumni | Alumni | ABSENT |
| | 11 | Dr. Chandan Gupta, Director, EMRC, DAVV, Indore | Member | [signature] |
| | 12 | Dr. Rajesh Vyas, CEO, St. Paul Institute of Professional Studies, Indore | Member | [signature] 19/12/25 |
| | 13 | Ms. Reena Chouhan | Student KRI | Reena |
| | 14 | Ms. Durga Chouhan | Student KRI | Durga |
| | | **Nominees from Stakeholders** | | |
| 6 | 15 | Shri Jitendra Senwar (Parent) | Member | ABSENT |
| 7 | | **Coordinator IQAC** | | |
| | 16 | Dr. Kirti Yadav | Coordinator | Kyadav |

# कस्तूरबाग्राम रूरल इंस्टीट्यूट, कस्तूरबाग्राम, इन्दौर

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक
## दिनांक 19.12.2025, शुक्रवार का प्रतिवेदन

महाविद्यालय में दिनांक **19.12.2025** को दोपहर 2:00 बजे से **आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ** की बैठक आयोजित की गई, जिसकी चर्चा के बिन्दु निम्नानुसार है –:

**बिन्दु क्रं. 1 व 2: प्रार्थना, स्वागत एवं परिचय –** प्रारंभ में प्रार्थना के पश्चात परस्पर अभिवादन एवं परिचय हुआ।

**बिन्दु क्रं. 3:** **अनुपस्थिति का अवकाश –** बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने शामिल होने में असमर्थता के बारे में सूचित किया ।

1. डॉ. मंगल मिश्र
2. डॉ. इन्दुबाला मालवीय, व्यक्तिगत कारणों से अनुपस्थित रही आपके स्थान पर डॉ. कीर्ति यादव ने प्रभारी प्राचार्य के रूप में बैठक की अध्क्षता की ।
3. डॉ. डी.के. मिश्रा इस श्रेणी में तदर्थ रूप से उपस्थित रहे ।
4. श्रीमती शैला अजबे
5. श्री जितेन्द्र सेनवार
6. श्रीमती बंसती सुल्या

जिन्हें अनुपस्थिति का अवकाश प्रदान किया गया।

**बिन्दु क्रं. 4:** **पूर्व बैठक दिनांक 24.02.2025 के कार्यविवरण का अवलोकन एवं पुष्टि ।**

दिनांक 24.02.2025 को आयोजित बैठक का कार्यविवरण IQAC समन्वयक द्वारा प्रस्तुत किया गया । कार्यवाही की पुष्टि सर्वसम्मिति से की गई । अध्यक्ष ने विवरण पंजी पर स्वीकृति सूचक हस्ताक्षर किये ।

**न्दु क्रं. 5:** **पूर्व बैठक दिनांक 24.02.2025 में लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन की जानकारी प्रस्तुत करना ।**

पूर्व बैठक दिनांक 24.02.2025 के निर्णयों के कार्यान्वयन की जानकारी प्रस्तुत की गई । जिसे समिति द्वारा सर्व सम्मिति से संतोषजनक माना गया ।

**ु क्रं. 6:** **नैक के नई प्रत्यायन प्रणाली के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो पर चर्चा करना ।**

**डॉ. चन्दन गुप्ता** का मन्तव्य था कि –:

- MOOCS एवं SWAYAM पोर्टल पर ऐसे पाठ्यक्रमों का अवलोकन किया जाये जिन्हें महाविद्यालय द्वारा भी संचालित किया जा रहा हो एवं उक्त विषयों में विद्यार्थियों का MOOCS एवं SWAYAM पोर्टल पर पंजीयन करवाकर पाठ्यक्रमों क्रेडिट स्थानांतरित करवाये जा सकते है । जिसका लाभ महाविद्यालय को नैक ग्रेडिंग में मिलेगा ।
- छात्राओं के संचार कौशल को परिष्कृत करने के लिये ब्रिज कोर्सेस करवाये जाने चाहिए ।

निरन्तर...2

- कौशल विकास संबंधित पाठ्यक्रम एवं डिजिटल शिक्षा पर केन्द्रित पाठ्यक्रमों की सरंचना एवं संचालन किया जाना चाहिए । इस पर सदस्यों को अवगत कराया गया कि महाविद्यालय में कौशल विकास के अंतर्गत कम्प्यूटर, हस्तकला, खाद्य परिरक्षण, व्यक्तित्व विकास, वर्मी कम्पोस्टिंग इत्यादि विषयों का संचालन किया जा रहा है । महाविद्यालय द्वारा इन्डो जर्मन टूल रूम के संयुक्त तत्वाधान में दो प्रमाणपत्र कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है । महाविद्यालय द्वारा और भी कौशल विकास से संबंधित पाठ्यक्रमों के संचालन किये जाने की कार्ययोजना है ।

**डॉ. राजेश व्यास** द्वारा नैक से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव बिन्दुवार दिये गये –

- परिपक्वता आधारित प्रत्यायन प्रणाली पर जाना होगा और अनिवार्यतः स्वायत्तता शैक्षणिक लेखापरीक्षण करवाना होगा ।
- प्रत्येक पाठ्यक्रम का मानचित्रण कर उनके परिणाम को अद्यतन किया जाना चाहिए ।
- छात्र संतुष्टि सर्वेक्षण (SSS) एवं प्रतिपुष्टि प्रणाली पर कार्य करना होगा ।
- प्रत्येक विभाग अपने विषयों के अनुरूप विभिन्न क्लब बनाये व उसके अंतर्गत कार्य करें जैसे – ग्रीन सेल, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ (मूल्य संवंर्धन क्लब), भाषा उन्नयन क्लब, छात्र क्लब, शिक्षक क्लब, सांस्कृतिक क्लब, स्पोर्टस क्लब, पाठ्यक्रम आधारित क्लब, सामुदायिक जुडाव पर आधारित गतिविधियों पर क्लब बनाये जाने चाहिए । जिसमें अन्य महाविद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थियों, विषय विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चत करना जरूरी है, उक्त सभी रिपोर्ट संधारित करते रहे ।
- यथसंभव सक्रिय एम.ओ.यू. कराये जाने चाहिए ।
- वर्तमान में यूजीसी का ध्यान महाविद्यालय द्वारा बजट का कितने प्रतिशत खर्च संस्था के बुनियादी ढांचा, पुस्तकालय, आई.सी.टी. पर किया जा रहा है एवं वित्त प्रबंधन, अंकेक्षण और लेखा अंकेक्षण आपत्ति पर है ।
- पूरी तैयारी के साथ ग्रीन ऑडिट भी करवाया जाना जरूरी है एवं जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवानी होगी क्योंकि अब नैक का अवलोकन हाइब्रिड मोड पर होगा ।

**दु क्रं. 7: अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा ।**

- इन बिन्दु के अंतर्गत NIRF पर पंजीयन पर चर्चा की गई जिसमें बताया कि महाविद्यालय ने NIRF पोर्टल पर पंजीयन करवाया गया है ।
- डॉ. व्यास द्वारा बताया गया कि AQAR का संधरण करना ही है क्योंकि यह भी अनिवार्य है । नैक के दिशानिर्देश आने पर इन्हे मांग लिया जायेगा। अतः इस पर सतत् कार्य करते रहे ।

ाभार व्यक्त कर सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुई ।

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता
अश्वासन प्रकोष्ठ